**भारत सरकार**
**संस्कृति मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 214**
**उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 29 नवंबर, 2021**
**08 अग्रहायण, 1943 (शक)**

**विदेशों से कलाकृतियों और मूर्तियों को वापस लाना**

**214. श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव:**
**श्री एस.आर. पार्थिबनः**
**श्री विनोद कुमार सोनकरः**
**श्री भोला सिंहः**
**डॉ. सुकान्त मजूमदारः**
**डॉ. जयंत कुमार रायः**
**श्री विजयकुमार उर्फ विजय वसंतः**
**श्री राजा अमरेश्वर नाईकः**
**श्री सु. थिरुनवुक्करासरः**
**श्री रवनीत सिंहः**
**श्री दुष्यंत सिंहः**

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास देश के विभिन्न राज्यों से 2015-21 की अवधि के दौरान चोरी/तस्करी की गई वस्तुओं और पुरावशेषों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा है;

(ख) क्या सरकार अन्नपूर्णा की मूर्ति सहित कई मूर्तियों और कलाकृतियों को दुनिया भर से सफलतापूर्वक वापस लाई है जो 100 साल पहले बाहर ले जाए गए थे और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो चुराई गई प्राचीन वस्तुओं/कलाकृतियों/मूर्तियों को वापस लाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) पिछले बीस वर्षों के दौरान वापस लाई गई कलाकृतियों और जिन देशों से इसे वापस लाया गया, उनका वर्ष-वार और देश-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने अन्नपूर्णा की मूर्ति और अन्य मूर्तियों और कलाकृतियों को काशी विश्वनाथ मंदिर, वाराणसी और अन्य मंदिरों और उन स्थानों को सौंप दिया है जहां से ये मूल रूप से संबंधित हैं;

(ङ) क्या प्रधानमंत्री की हाल ही की यू.एस.ए. यात्रा के दौरान ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त राज्य अमरीका की सरकार ने उन्हें हिन्दू धर्म, बौद्ध धर्म और जैन धर्म से संबंधित 157 कलाकृतियां सौंपी हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या सरकार इस तरह के पुरावशेषों की चोरी को कम करने के लिए सतर्कता और निगरानी तंत्र को मजबूत करने के लिए कोई उपाय कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री**

**(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) : जी, हां। 2015-2021 की अवधि के दौरान चोरी हुई कलाकृतियों और पुरावशेषों का राज्य-वार ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है।

(ख) और (ग) : जी, हां। पिछले 20 वर्षों के दौरान विभिन्न देशों से देवी अन्नपूर्णा की मूर्ति सहित 107 पुरावशेषों को वापस लाया गया है। वापस लाए गए पुरावशेषों की संख्या का देश-वार ब्यौरा अनुबंध- II में दिया गया है।

(घ) : भारत सरकार ने देवी अन्नपूर्णा की मूर्ति को उत्तर प्रदेश सरकार को सौंप दिया है। अन्य पुरावशेषों को उनके मूल स्थान, जहां से वे संबंधित हैं, को वापस सौंपने का ब्यौरा अनुबंध-III में दिया गया है।

(ङ) : संयुक्त राज्य अमरीका ने प्रधानमंत्री के हाल ही के संयुक्त राज्य अमरीका के दौरे के दौरान हिन्दू धर्म, बौद्ध धर्म और जैन धर्म से संबंधित 157 पुरावशेष सौंपे हैं। 157 पुरावशेषों में से 63 पुरावशेषों की पहली खेप भारत पहुंच चुकी है। दो पुरावशेषों को ऑस्ट्रेलिया से वापस लाया गया है।

(च) : भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण संरक्षित स्मारकों, स्थलों और संग्रहालयों में पुरावशेषों की सुरक्षा और संरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रयोजनार्थ पहरा और निगरानी स्टॉफ की तैनाती की गई है और उनकी संख्या को प्राइवेट सुरक्षा गार्डों, राज्य पुलिस सशस्त्र गार्डों और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को तैनात करके बढ़ाया गया है।

**अनुबंध -I**

**लोक सभा में दिनांक 29.11.2021 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 214 के भाग (क) के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण।**

**देश के विभिन्न राज्यों में 2015-2021 की अवधि के दौरान चोरी की गई कलाकृतियों और पुरावशेषों की संख्या दर्शाने वाला विवरण**

| क्रम सं. | राज्य | चोरी का वर्ष | कलाकृतियों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | कर्नाटक | 2015 | 2 |
| | | 2016 | 1 |
| | | 2020 | 1 |
| 2. | उड़ीसा | 2015 | 2 |
| 3. | महाराष्ट्र | 2015 | 2 |
| 4. | बिहार | 2015 | 1 |
| 5. | राजस्थान | 2016 | 1 |
| 6. | छत्तीसगढ | 2016 | 1 |
| 7. | आंध्र प्रदेश | 2016 | 2 |
| | | 2017 | 1 |

**अनुबंध-II**

**लोक सभा में दिनांक 29.11.2021 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 214 के भाग (ख) के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण।**

**वर्ष 2001 से 2021 तक विदेशों से वापस लाए गए पुरावशेष**

| क्रम सं. | वर्ष | देश | पुरावशेषों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | 2001 | हॉलैंड | 01 |
| 2. | 2013 | फ्रांस | 01 |
| 3. | 2014 | ऑस्ट्रेलिया | 02 |
| 4. | 2015 | कनाडा | 01 |
| 5. | 2015 | जर्मनी | 01 |
| 6. | 2015 | सिंगापुर | 01 |
| 7. | 2016 | अमरीका | 1 1 |
| 8. | 2016 | ऑस्ट्रेलिया | 03 |
| 9. | 2017 | अमरीका | 08 |
| 10. | 2017 | यूके | 01 |
| 11. | 2018 | अमरीका | 02 |
| 12. | 2019 | यूके | 01 |
| 13. | 2019 | ऑस्ट्रेलिया | 01 |
| 14. | 2020 | ऑस्ट्रेलिया | 03 |
| 15. | 2020 | यूके | 05 |
| 16. | 2021 | यूके | 01 |
| 17. | 2021 | कनाडा | 01 |
| 18. | 2021 | अमरीका | 63 |

अनुबंध-।।।

**लोक सभा में दिनांक 29.11.2021 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 214 के भाग (घ) के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण।**

**वर्ष 2001 से 2021 तक वापस लाए गए पुरावशेष और उनका वर्तमान स्थान**

| **क्रम सं.** | नाम | **उद्गम स्थल/राज्य** | **देश जहां से वापस प्राप्त हुई** | **वर्ष** | **वर्तमान स्थान** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | योगिनी वृषनाना की पुन: प्राप्ति | उत्तर प्रदेश | फ्रांस | 2013 | राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली |
| 2. | नटराज | तमिलनाडु | ऑस्ट्रेलिया | 2014 | प्रतिमा स्कंध, तमिलनाडु |
| 3. | अर्द्धनारीश्वर | तमिलनाडु | ऑस्ट्रेलिया | 2014 | प्रतिमा स्कंध, तमिलनाडु |
| 4. | पैरट लेडी | मध्य प्रदेश | कनाडा | 2015 | पुरातत्वीय संग्रहालय, खजुराहो, मध्य प्रदेश |
| 5. | दुर्गा (महिषामर्दिनी) | जम्मू और कश्मीर | जर्मनी | 2015 | एस.पी.एस. संग्रहालय श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर |
| 6. | उमा परमेश्वरी | तमिलनाडु | सिंगापुर | 2015 | प्रतिमा स्कंध, तमिलनाडु |
| 7. | संत मणिक्कावाचका की कांस्य की प्रतिमा | तमिलनाडु | संयुक्त राज्य अमरीका | 2016 | प्रतिमा स्कंध, तमिलनाडु |
| 8. | गणेश की धातु की मूर्ति | तमिलनाडु | संयुक्त राज्य अमरीका | 2016 | प्रतिमा स्कंध, तमिलनाडु |
| 9. | भूदेवी की घातु की प्रतिमा | तमिलनाडु | संयुक्त राज्य अमरीका | 2016 | प्रतिमा स्कंध, तमिलनाडु |
| 10. | चक्कराथलवर की धातु की मूर्ति | तमिलनाडु | संयुक्त राज्य अमरीका | 2016 | प्रतिमा स्कंध, तमिलनाडु |
| 11. | आसनस्थ बुद्ध | मथुरा क्षेत्र, उत्तर प्रदेश | आस्ट्रेलिया | 2016 | राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली |
| 12. | बुद्ध के अनुयायियों की पट्टिका | आंध्र प्रदेश | आस्ट्रेलिया | 2016 | राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली |
| 13. | प्रत्यांगिरा की प्रस्तर प्रतिमा | तमिलनाडु | आस्ट्रेलिया | 2016 | प्रतिमा स्कंध, तमिलनाडु |
| 14. | बोधिसत्व शीर्ष | आंध्र प्रदेश | संयुक्त राज्य अमरीका | 2018 | नागार्जुनाकोंडा संग्रहालय, आंध्र प्रदेश |
| 15. | नटराज की कांस्य की मूर्ति | तमिलनाडु | ऑस्ट्रेलिया | 2019 | प्रतिमा स्कंध, तमिलनाडु |
| 16. | राम की धातु की मूर्ति | तमिलनाडु | यू.के. | 2020 | प्रतिमा स्कंध, तमिलनाडु |
| 17. | सीता की धातु की मूर्ति | तमिलनाडु | यू.के. | 2020 | प्रतिमा स्कंध, तमिलनाडु |
| 18. | लक्ष्मण की धातु की मूर्ति | तमिलनाडु | यू.के. | 2020 | प्रतिमा स्कंध, तमिलनाडु |
| 19 | देवी अन्नपूर्णा | उत्तर प्रदेश | कनाडा | 2021 | उत्तर प्रदेश सरकार |